अमर उजाला 01/11/2023

जोनल लेवल साइंस क्विज में योगराज, वंशिका व शुभम प्रथम

जीएमएन कॉलेज में हरियाणा साइंस काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने साइंस क्विज कराई

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज में हरियाणा साइंस काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने जोनल लेवल साइंस क्विज कराई। इसमें पंचकूला, अम्बाला, कुरुक्षेत्र, कैथल व यमुनानगर की टीमें शामिल हुईं। मुख्यातिथि डॉ. राहुल तनेजा साइंटिस्ट हरियाणा काउंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी थे। गेस्ट ऑफ ऑनर इकबाल थे। क्विज मास्टर की भूमिका डॉ. रविकांत और डॉ. संदीप गवर्नमेंट कॉलेज भिवानी ने निभाई। कनवीनर डॉ. शिखा जग्गी ने बताया कि प्रतियोगिता में पहले सभी टीमों की स्क्रीनिंग करवाई गई, जिन टीमों ने स्क्रीनिंग में अच्छा प्रदर्शन किया, उनका अगले राउंड में चयन हुआ। डॉ. सीमा कंसल ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंच संचालन डॉ. शिखा जग्गी ने किया। मुकुंद लाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर से योगराज, वंशिका, शुभम ने पहला, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज से अनीशा, निधि शर्मा व करन ने दूसरा, एसडी कॉलेज कैथल से नीरज, जयदेव, अवनीत ने तीसरा स्थान पाया। इस अवसर पर भौतिक विज्ञान के अध्यक्ष डॉ. एसके पांडे, डॉ. शिखा जग्गी, डॉ. कुलदीप, डॉ. नेहा अग्रवाल, डॉ. मीनू राठी, डॉ. नियति व डॉ. धर्मवीर सैनी मौजूद थे।

अम्बाला। प्रतियोगिता के विजेता को सम्मानित करते सदस्य।